दिनांक-04.04.2025

थाना कमरौली जनपद अमेठी

साइबर ठग द्वारा काटे गये 3443/- रुपये को थाना कमरौली पुलिस जनपद अमेठी द्वारा वापस कराया गया।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

आवेदिका साधना झा पत्नी मनोज कुमार झा निवासी इण्डोरामा टाउनशिप थाना कमरौली जनपद अमेठी द्वारा शिकायत की गयी थी कि साइबर अपराधी द्वारा फ्लिपकार्ट पार्सल के पेमेन्ट के बहाने आवेदिका से अपने खाते में कुल 3549/- रूपये ट्रांसफर करा लिया गया था। उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में आवेदिका द्वारा दिनांक 05.02.2025 को साइबर हेल्पलाईन नं0 1930 पे कॉल करके शिकायत दर्ज करायी गयी थी। जिसके सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा थाना साइबर क्राइम एवं थाना कमरौली को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके क्रम में **थाना कमरौली पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए धोखाधड़ी में संलिप्त बैंक खाते को Lien/Freeze कराते हुए पीड़ित के बैंक खाते में दिनांक 03.04.2025 को 3443/- रुपये वापस कराया गया।**

विवरण पुलिस टीम-

1. **थानाध्यक्ष अभिनेष कुमार थाना कमरौली जनपद अमेठी।**
2. **उ0नि0 रविन्द्र प्रताप सिंह थाना कमरौली जनपद अमेठी।**
3. **कम्प्यूटर ऑपरेटर अंजली शर्मा थाना कमरौली जनपद अमेठी।**
4. **का0 अमित कुमार यादव थाना कमरौली जनपद अमेठी।**

साइबर अपराध घटित होने की स्थिति में साइबर हेल्प लाइन नम्बर 1930 एवं *www.cybercrime.gov.in* पर अपनी शिकायत दर्ज करें।